तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 18 मार्च 2025

12 800 एकड़ में स्थापित होगी आईएमटी

12 राज्य सरकार ने बजट में योजना का किया ऐलान



## खबर संक्षेप

### नहर में पत्नी का मिला शव, पति लापता

**पानीपत।** करनाल के कमालपुर रोड़ान में पानीपत नहर में पत्नी राजबाला का शव मिला है, लेकिन पति महेंद्र का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। पानीपत पुलिस ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि महिला की हत्या की गई है, राजबाला के शव का डॉक्टरों के बोर्ड ने पोस्टमाम किया है। पुलिस महेंद्र की तलाश में जुटी है। इधर, इंद्री थाना प्रभारी विपिन ने बताया कि इस मामले में महेंद्र के बेटे हिम्मत सिंह व भाई सुरेंद्र से भी पूछताछ की है, क्योंकि महेंद्र और सुरेंद्र के बीच कोई जमीनी विवाद की भी बाते सामने आई थी, लेकिन चाचा और भतीजे से पूछताछ में कोई भी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है।

### आवास योजना का पोर्टल खुला

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जरूरतमंद लोगों का अपना पक्का घर होने का सपना अब जल्द पूरा होने जा रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर सरकार ने पोर्टल खोल दिया है। जिला एवं खंड स्तर के कर्मचारी इस योजना का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लग गए हैं। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक आवासहीन परिवार को एक पक्का आवास उपलब्ध कराना है।

### रेडक्रास कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**पानीपत।** भारतीय रेडक्रास सोसाइटी के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने हरियाणा रेडक्रास कार्यालय का औचक निरीक्षण करके संस्था द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों का जाजया लिया। इस दौरान उन्होंनें रैडक्रास भवन में रक्त सैंटर, कम्पयूटर सैंटर, टीआई प्रोजैक्ट व दिव्यांगजनों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी हासिल कर कर्मचारियों से भी उनकी समस्याओं बारे जानकारी हासिल की। वहीं रैडक्रास के पदाधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### दसवीं की परीक्षा शांतिपूर्वक संपंन

**पानीपत।** जिला पानीपत में दसवीं की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जिसमें स्कूल प्रबंधन समिति व पुलिस प्रशासन के कड़े पहरे में कोई भी शरारती तत्व कहीं भी दिखाई नहीं दिए। दसवीं की परीक्षाओं को नकल रहित अभियान बनाने में सफल रहे।

### ठाकुरदास मंदिर पर ग्रेनाइट हमले की निंदा

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया और आतंकवादी संगठनों द्वारा किए गए ठाकुरदास मंदिर पर ग्रेनाइट हमले की निंदा की गई। बैठक में राजपाल कश्यप, जगजीत सिंह, मांगेराम मलिक, कमलजीत सिंह, देवेंद्र रामणे, मयंक मलिक, दिनेश शर्मा, संदीप आचार्य, परमजीत जागलान, दीपक मित्तल, अनिल पघांल व दीपक देशवाल आदि मौजूद रहे।

### शराब की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान शाहपुर नाका पर वाहनों की जांच करते हुए पानीपत नंबर एक सफेद रंग की टियागो कार में सवार दो युवकों को भारी मात्रा में अवैध शराब सहित काबू करने में कामयाबी हासिल की। आरोपियों की पहचान संग्राम निवासी सिवाह व संजय निवासी शास्त्री कॉलोनी सोनीपत के रूप में हुई। कार से अवैध 48 बोतल अंग्रेजी शराब मार्का रॉयल स्टेग, 24 बोतल व 24 अध्धे अंग्रेजी शराब मार्का रॉयल ग्रीन, 12 बोतल अंग्रेजी शराब मार्का स्टरलिग व 60 बोतल बीयर बरामद हुई।

## एक साल में 10वीं बार कार्यालय में दिया चोरी की वारदात को अंजाम

# बिजली निगम के एसडीओ सिटी सब डिवीजन कार्यालय में लाखों की चोरी

- पुलिस और प्रशासन की निष्क्रियता से बढ़ा चोरों का हौसला, कर्मचारियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी

भिवानी रोड स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम हांसी के एसडीओ सिटी सब डिवीजन कार्यालय में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, लेकिन प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता के चलते अब यह समस्या और गंभीर हो चुकी है। अज्ञात चोरों ने 16 मार्च की रात को निगम के जूनियर इंजीनियर (जेई) कर्मबीर पहल के कार्यालय में सेंध लगाकर लाखों रुपये का कीमती सामान और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को चुराकर ले गए।

जेई कर्मबीर ने बताया कि चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़कर वहां रखी महत्वपूर्ण फाइलों, दस्तावेजों और बहुमूल्य सामान को चुराकर ले गए। उन्होंने बताया कि बार-बार हो रही इन घटनाओं के बावजूद, न तो पुलिस ने कोई ठोस कदम उठाया और न ही बिजली विभाग के अधिकारियों ने कार्यालय में सामान व दस्तावेजों की सुरक्षा को लेकर कोई सख्त निर्णय लिया।



हांसी। बिजली निगम कार्यालय में चोरी की वारदात को दिखाते निगम कर्मचारी।

### कर्मचारियों में आक्रोश, ठोस कार्रवाई की मांग

बिजली निगम कार्यालय में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से बिजली निगम के कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों ने निगम के उच्च अधिकारियों और प्रशासन से जल्द से जल्द दफ्तर को नई बिल्डिंग में स्थानांतरित करने की मांग की है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि यदि इस संबंध में जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो कर्मचारी विरोध प्रदर्शन करने पर भी मजबूर हो सकते हैं।

### लगातार हो रही हैं चोरी

जेई के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब एसडीओ सिटी सब डिवीजन के कार्यालय को चोरों ने निशाना बनाया है। पिछले एक साल में यह लगभग 10वीं बार है जब कार्यालय में इस तरह की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि चोरी की वारदात के बाद हर बार पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई जाती है, लेकिन इसके बावजूद आज तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं हुआ। जबकि निगम कर्मचारियों द्वारा दफ्तर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी पुलिस को सौंपी गई थी, जिसमें चोरों की पहचान की जा सकती थी। लेकिन बावजूद इसके पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे स्पष्ट है कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही या मिलीभगत के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हो चुके हैं।

# पत्नी पर पेट्रोल डाल कर आग लगाई, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत

- पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति पहली पत्नी और पति के भाई के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया

पानीपत में पति ने अपनी पहली पत्नी और भाई के साथ मिलकर दूसरी पत्नी के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इसके बाद अपनी ससुराल में सूचना दी कि चाय बनाते वक्त हादसा हो गया। रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान महिला ने अपनी बहन को आपबीती बताई। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। जिसके बाद मृतका की बहन ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। थाना चांदनी बाग पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति, पहली पत्नी और पति के भाई के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस को दी शिकायत में गोमती ने बताया कि वह रसूलाबाद, कानपुर की रहने वाली है। वे तीन बहनें थी। जिसमें मंझली बहन गौर प्रिया थी। जिसकी शादी आकाश निवासी गांव जलापुर, जिला हरदोई यूपी के साथ वर्ष 2022 में हुई थी। वे दोनों पिछले करीब दो माह से पानीपत में रह रहे थे। दोनों यहां फैक्ट्रियों में मजदूरी करते थे। नौ मार्च को आकाश ने सूचना दी कि तेरी बहन गौर प्रिया को फैक्ट्री के ऊपर बने कमरे में गैस सिलेंडर पर चाय बनाते हुए आग लग गई है। वह इलाज के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती है। सूचना मिलने पर वह अपनी बहन से मिलने रोहतक पीजीआई पहुंची। जहां नौ मार्च की शाम को गौर प्रिया ने उसे बताया कि तुम्हारे जीजा आकाश ने अपनी पहली पत्नी सिक्की निवासी कन्नौज यूपी व अपने भाई रवि के साथ मिलकर उसे जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर मिट्टी का तेल डाल कर आग लगा दी थी। केस की जांच कर रहे एएसआई विकास ने बताया कि मृतका की बहन की शिकायत के आधार पर पति, पति की पहली पत्नी और पति के भाई पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है।

### युवकों ने लाठी डंडों से किया हमला, तीन घायल

**यमुनानगर।** शहर की रूपनगर कॉलोनी में कहासुनी होने पर दर्जन भर से अधिक युवकों ने तीन लोगों को डंडों से पीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने उनकी बाइक भी तोड़ दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सात आरोपियों को नामजद करते हुए दर्जन भर अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रूपनगर तीर्थ नगर निवासी लक्ष्मीकांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 14 मार्च को रात 11 बजे शिवनाथ तिवारी व अभिषेक के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। इस दौरान कॉलोनी के ही राहुल, सुमित तोमर, आदित्य ठाकुर, आलोक, अभिषेक, अमन व सूरज ने अपने दर्जन भर अन्य साथियों के साथ मिलकर उन पर डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह तीनों घायल हो गए। इस दौरान आरोपियों ने उनकी बाइक भी तोड़ दी। अन्य लोगों को मौके पर आता देखकर आरोपी मौके से भाग गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सात आरोपियों को नामजद करते हुए दर्जन भर अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# अवैध खनन में लिप्त एक वाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶करनाल

जिला के खनन अधिकारी निरंजन लाल के अनुसार अवैध खनन/परिवहन में लिप्त एक वाहन को जब्त किया गया है।

जिला के खनन अधिकारी निरंजन लाल के अनुसार खनन व भू विज्ञान के महानिदेशक के एम पांडुरंग तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशानुसार जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ मुहिम जारी है। उन्होंने बताया कि गत दिवस एचएसईएनबी के स्टाफ एसआई जितेंद्र, ईएसआई देवेंद्र, एचसी प्रमिन्दर सिंह व खनन रक्षक रोहताश, ईएएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम ने एक रेत से भरा हुआ एक ट्रक पकड़ा। जिसको चेंक करने पर चालक के पास ई-रवाना बिल प्राप्त नहीं हुआ। जिसको विराईटी कांटा मेरठ रोड में लाकर खड़ा किया गया जिसका नम्बर एचआर-45-सी-1031 है। जिसके बाद वाहन की फोटो लेकर करनाल में जब्त कर लिया गया।



### देवर-भाभी पर चाकू व गंडासी से हमला, घायल

**यमुनानगर।** गांव रामपुर खादर में आधा दर्जन युवकों ने रंजिश के चलते देवर व भाभी पर गंडासी व चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव रामपुर खादर निवासी अभय शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही मोहित व रोहित के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। अभय शर्मा ने बताया कि 14 मार्च को दोपहर तीन बजे रंजिश के चलते मोहित व रोहित ने अपने साथियों नितिन, संजीव, वेद प्रकाश व विक्की के साथ मिलकर उसे पर गंडासी व चाकू से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब उसकी भाभी प्रीति उसे आरोपियों से छुड़वाने के लिए आई तो आरोपियों ने उसे पर भी हमला कर उसे भी घायल कर दिया। लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

# भाजपा ने फिर मनदीप राणा को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंबाला

भाजपा ने एक बार फिर मनदीप राणा को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। सोमवार सुबह 10 बजे भाजपा कार्यालय में जिला चुनाव अधिकारी एवं पूर्व मंत्री कंवरपाल ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए कुल 34 कार्यकर्ताओं ने आवेदन किया था। रविवार को पार्टी कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रदेश नेतृत्व को रिपोर्ट भेजी गई थी। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर प्रदेश चुनाव समिति ने दोबारा मंदीप राणा के नाम को मंजूरी दी।

चुनाव अधिकारी पूर्व मंत्री कंवर पाल ने कहा कि भाजपा में सब कुछ चुनावी प्रक्रिया से होता है। कल 34 लोगों ने आवेदन किया था। जिन्होंने पूरा फैसला प्रदेश अध्यक्ष को सौंप दिया था। कार्यकर्ताओं को पार्टी में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अपनी मुहर लगाने और चुनाव में भाग लेने का मौका देते हुए पार्टी ने जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों से आवेदन मांगे थे। मनदीप राणा पूर्व मंत्री असीम गोयल के करीबी हैं। उन्होंने ही मनदीप का नाम अध्यक्ष बनाने के लिए आगे बढ़ाया था। राणा ने अपने पिछले कार्यकाल में कई चुनावों में भाजपा को संगठन के तौर पर मजबूत करने का काम किया है।



### पानीपत में फार्मा कंपनी के प्रबंधक की हत्या

**पानीपत।** चांदनीबाग थाना क्षेत्र में सोमवार को दिन दहाड़े फार्मा कंपनी के प्रबंधक की हत्या कर दी गई। दोपहर करीब ढाई बजे बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने युवक की बाइक का रास्ता रोका। इसके बाद उस पर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर दिया गया। मौके पर छाती पर चाकू लगने से दिल फट गया और उसकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची। शव को सिविल अस्पताल भिजवाया गया। जहां उसका पंचनामा भरवा कर शवगृह में रखवा दिया गया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी हैजानकारी देते हुए रघुबीर सिंह ने बताया कि वह कैथल के गांव डियोड खेड़ी का रहने वाला है। उसका भतीजा रामनिवास था। जो पानीपत में रिसालू रोड स्थित एक फार्मा कंपनी में बतौर मैनेजर पिछले करीब 8 साल से काम करता था। रोजाना की तरह वह सुबह घर से पानीपत काम पर पहुंचा। दोपहर को पुलिस ने उसकी हत्या होने की सूचना दी।

## मनरेगा योजना के तहत मजदूरी के पैसे भाई के खाते में डलवाने पर सरपंच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंबाला

- पुलिस ने सरपंच समेत तीन आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया है केस
- बीडीपीओ की शिकायत पर हुई कार्रवाई

मनरेगा के पैसे हड़पने के आरोप में पुलिस ने बटरोहन के सरपंच को गिरफ्तार किया है। बीडीपीओ की ओर से सरपंच के खिलाफ शिकायत दी गई थी। अदालत ने सरपंच को जेल भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में के सरपंच राजिंद्र के साथ सुरेंद्र पाल और कृष्ण लाला को आरोपी बनाया है। बीडीपीओ की शिकायत के अनुसार राजेंद्र ने अपने पद का दुरुपयोग किया। उसने फर्जी तरीके से अपने ही भाई सुरेंद्र पाल और कृष्ण लाल के खाते में बिना काम किए ही मनरेगा में मजदूरी करने के पैसे डलवा दिए थे। जांच के दौरान सुरेंद्र के खाते में 35 हजार 724 रुपये तो कृष्ण लाल के खाते में 51 हजार 803 रुपये डाले गए। इसकी जांच के लिए कमेटी बनाई गई। कमेटी की रिपोर्ट में पाया गया कि सरपंच ने गलत तरीके से दोनों के खातों में पैसे डलवाए हैं। इसके आधार पर सरपंच सहित अन्य दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। नग्गल थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि बीडीपीओ की शिकायत पर सरपंच को काबू करने की कार्रवाई की गई है। अदालत ने आरोपी सरपंच को जेल भेज दिया है। बचे दो आरोपियों को भी काबू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जांच अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी के डर से आरोपी अंडरग्राउंड हो गए हैं।

# हिट एंड रन योजना में सहयोग न करने वाले अस्पताल संचालकों पर होगा एक्शन

- डीसी व एसपी ने अस्पताल संचालकों के साथ हिट एंड रन योजना को लेकर बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कंपनसेशन टू विक्टिम ऑफ हिट एंड रन के संदर्भ में सोमवार को जिला सचिवालय में सोमवार को उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने नगर के सभी प्राइवेट व सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर के साथ मीटिंग कर कहा कि जो हॉस्पिटल आयुष्मान भारत स्कीम के तहत पैनल पर हैं व हिट एंड रन योजना की बैठक में गैर हाजिर रहे है। चाहे वो सरकारी है या निजी हॉस्पिटलों के संचालक हैं के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी। उनके उच्च अधिकारियों को सरकार के इस कार्य में सहयोग न करने के लिए लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर व सडक़ हादसों का शिकार होने वाले लोगों की जान बचाने के लिए केंद्र सरकार ने इस योजना को शुरू किया है। इसमें उन अस्पतालों का सहयोग लिया जाएगा जो सरकार के पैनल पर है व सभी सुविधाओं से परिपूर्ण है। इसके लिए सभी अस्पतालों को अपनी आईडी बनानी पड़ेगी ताकि उसकी सूचना पुलिस द्वारा दी जाने पर तत्काल उपचार प्रारंभ किया जा सके वे दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जान बचाई जा सके।



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीके दहिया व पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह, अस्पताल संचालकों के साथ बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### युवती ने नकली टॉप्स देकर सुनार से ठगे सोने के सिक्के व अंगूठी

**यमुनानगर।** एक युवती ने सुनार की दुकान पर पहुंचकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। युवती ने नकली टॉप्स देकर सुनार से सोने के सिक्के व अंगूठी ठग ली। सुनार की शिकायत के बाद पुलिस ने तुरंत ही केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। मॉडल टाउन निवासी सुभाष चंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सुनार की दुकान है। उनकी दुकान पर एक युवती आई थी। युवती ने सोने के सिक्के दिखाने को कहा। जिसके बाद उसे दो-दो ग्राम के चार सोने के सिक्के दे दिए। साथ ही एक अंगूठी भी युवती ने ली। बाद में युवती ने अपने टॉप्स सुनार को बदले में दिए। टॉप्स पर भी हॉलमार्क था। युवती ने एक अगले दिन टॉप्स का बिल देने की बात कही और सामान लेकर वहां से निकल गई। युवती के जाने के बाद टॉप्स की जांच की तो पता चला कि वह नकली थे। उसने तुरंत ही इसकी शिकायत पुलिस को दी। शहर थाना यमुनानगर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर युवती को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियुक्ति की पहचान सरदीप के रूप में हुई। पुलिस ने आरोप ए युक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।



## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में करनाल के दो किसानों का सम्मान

**करनाल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में सोमवार को किसान मेला का आयोजन किया गया। इस किसान मेले में पूरे प्रदेश के सभी किसानों को उनके कृषि और सम्बंधित क्षेत्रो में अग्रन्नीय कार्यों हेतु सम्मानित किया गया। 40 में से 20 महिला किसानों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में करनाल जिले से महिला किसान हीना देवी पत्नी प्रवीन कुमार, निवासी कुच्पुरा तथा कैमला निवासी सतपाल सिंह को सर्टिफिकेट, मोमेंटो तथा चद्दर और शाल उठाकर सम्मानित किया सतपाल सिंह को फसल अवशेष प्रबंधन तथा हीना को किचन गार्डनिंग में सराहनीय कार्यों के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ। विश्वविधालय के कुलपति प्रोफेसर बलदेव राज काम्बोज ने सभी किसानों को सम्मानित करते हुए सभी किसानों की उनके कार्यों के प्रति रूचि के भूरी भूरी प्रशंसा की। कृषि विज्ञान केंद्र, उचानी के कोऑर्डिनेटर डॉ महा सिंह ने बताया की किसानों को उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित करके विश्वविद्यालय का बाकि के किसान भाइयों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करना हैं।

**परेशानी** मौसम में गर्माहट बढ़ती रही तो समय से पहले पक सकती है गेहूं

तापमान बढ़ने से गेहूं की पैदावार पर पड़ सकता है असर

# मौसम में बढ़ते तापमान से गेहूं की फसल को लेकर किसान हुए चिंतित

- सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶यमुनानगर

मौसम में अचानक बढ़े तापमान से खेतों में पकने को तैयार खड़ी गेहूं पर असर दिखना शुरू हो गया है। किसानों की मानें तो यदि मौसम में तापमान अगले कुछ दिन तक इसी तरह बढ़ता रहा और तेज हवा चलती रही तो गेहूं की पैदावार कम होने की आशंका है और यह समय से पहले पक सकती है। जिसे लेकर किसान चिंतित हो उठे हैं। वहीं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को बढ़ते तापमान और तेज हवा के चलते दिन के समय सिंचाई न करने की सलाह दी। उधर, सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

विभागीय आंकड़ो के मुताबिक इस वर्ष जिले में करीब 70 हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की बिजाई की गई है। इस समय खेतों में गेहूं की अगेती फसल पकने को तैयार खड़ी है, जबकि पछेती किस्म की गेहूं में बालियों में दाना पड़ने लग रहा है। ऐसे में यदि तापमान बढ़ता रहा तो गेहूं की बालियों में दाना पिचक कर पैदावार कम कर सकता है।

कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक फिलहाल गेहूं ज्यादा तापमान सहन करने लायक नहीं है। अगले कुछ दिनों तक गरमी यूं ही बढ़ी तो गेहूं का दाना पिचक जाएगा। गेहूं का दाना अगर पिचका तो निश्चित ही पैदावार कम होगी। वहीं, किसान पवन कुमार, सुदेश कुमार, लाभ सिंह, सुरेश व सतीश कुमार का कहना है कि पिछले कई दिन से मौसम में जहां तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं, तेज हवा के झोंके चलने से गेहूं की सिंचाई भी प्रभावित हो रही है। क्योंकि ऐसे में फसल में पानी देना गेहूं की फसल को बर्बाद करने के समान है।



**यमुनानगर।** क्षेत्र में खेतों में पकने को तैयार खड़ी गेहूं फसल। फोटो : हरिभूमि

### सिंचाई नहीं करने की सलाह

कृषि विशेषज्ञ डॉ. महेश ने किसानों को बढ़ते तापमान में गेहूं की फसल में दिन के समय सिंचाई नहीं करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि किसानों को चाहिए कि गेहूं की फसल में हवा बंद होने पर रात्रि के समय ही सिंचाई करें।

## खबर संक्षेप



### विधायक के प्रयासों से जल्द ही बनेगा बस अड्डा

**तरावड़ी।**(राजकुमार खुराना) स्थानीय विधायक भगवान दास कबीरपंथी के प्रयासों से अब यहां 2 एकड भूमि में बस अड्डे का निर्माण जल्द ही शुरु हो जाएगा। हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान आज भगवान दास कबीरपंथी द्वारा उठाई गई मांग पर बोलते हुए परिवहन मंत्री कृष्ण पंवार ने बताया कि यह बस अड्डा आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा जिसके लिए पुलिस विभाग की 2एकड भूमि को परिवहन विभाग में हस्तांतरित भी कर लिया गया है तथा इसके निर्माण पर होने वाली करीब 4 करोड 1लाख की राशि भी लोकतांत्रिक निर्माण को प्रेषित कर दी गई है।

### 31 तक अपना सम्पति कर जमा करवाएं

**तरावड़ी।** नगरपालिका तरावड़ी द्वारा सर्वसाधारण से अपील की जाती है कि वह अपना वर्ष 2024 25 का संपत्ति कर 31 मार्च 2025 तक नगर पालिका कार्यालय तरावड़ी में जमा करवा देवें ताकि उन्हें किसी प्रकार की कोई ब्याज का बोझ ना उठाना पड़े। नगरपालिका सचिव अजित कुमार ने शहर के लोगों से अपील की कि वह सभी नगर पालिका तरावड़ी कार्यालय में आकर अपनी प्रॉपर्टी का स्वयं प्रमाणित भी करवाए ताकि उनकी प्रॉपर्टी सुरक्षित हो सके ।

### विद्यार्थी समाज कार्य में बनाएं करियर: डा धर्म पाल

**करनाल ।** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डा धर्म पाल ने बताया कि मास्टर इन सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) कार्यक्रम व्यावसायिक सामाजिक कार्य में उच्च अध्ययन के लिए शिक्षार्थियों को अवसर प्रदान करता है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में टॉप पर आने को लेकर नगर निगम मजबूत इरादों के साथ जुटा

## जिला नगरायुक्त ने सर्वेक्षण से जुड़ी गतिविधियों को लेकर टीम के साथ बैठक कर किया मंथन, खामी न छूटने के दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में टॉप रैंकिंग हासिल करने के लिए नगर निगम मजबूत इरादों के साथ जुटा हुआ है। सोमवार को जिला निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सफाई शाखा के तमाम जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों के साथ जरूरी बैठक कर निर्देश दिए कि स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर तैयारियां मुकम्मल हो चुकी हैं, अब रिविजन पर ध्यान दिया जाए, तभी लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकेगी। स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर बेहतर कार्य करने पर उन्होंने अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी के अतिरिक्त सफाई शाखा व टीम के सदस्यों की सराहना भी की। नगर पालिका सचिव वीडियो कॉंफ्रेंस के माध्यम से बैठक से जुड़े।



■ ओडीएफ प्लस-प्लस और वाटर प्लस के 1200 अंक तथा कूड़ा मुक्त शहर के 1300 अंक मिलेंगे

12500 अंको का होगा स्वच्छ सर्वेक्षण- जिला नगरायुक्त ने बताया कि इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण 12 हजार 500 अंको का रहेगा। इसमें दृश्यमान स्वच्छता, कूड़ा पृथक्करण, एकत्रीकरण व परिवहन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता तक पहुंच, प्रयुक्त जल प्रबंधन, डिस्लजिंग सेवाओं का मशीनीकरण, स्वच्छता की वकालत, पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत बनाना और संस्थागत मानदंड, सफाई कर्मचारियों का समग्र कल्याण तथा नागरिक प्रतिक्रिया और शिकायत निवारण जैसे बिन्दुओं के 10 हजार अंक निर्धारित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त), ओडीएफ प्लस-प्लस और वाटर प्लस के 1200 अंक तथा कूड़ा मुक्त शहर (जी.एफ.सी.) के 1300 अंक निर्धारित किए गए हैं।

वाटर प्लस व 7 स्टार रेटिंग पर दिया जोर- उन्होंने बताया कि नगर निगम ने पहले भी गारबेज फ्री सिटी व ओडीएफ प्लस जैसे विभिन्न पैरामीटर्स पर काम करते हुए 3 स्टार रेटिंग हासिल की थी। चालू सर्वेक्षण में नगर निगम ने गारबेज फ्री सिटी में 7 स्टार रेटिंग तथा वाटर प्लस के लिए आवेदन किया है। गारबेज फ्री सिटी में डोर टू डोर पृथक कूड़ा एकत्रीकरण, रिहायशी व वाणिज्यिक क्षेत्रों में गहन सफाई जैसे बिन्दू शामिल हैं। वाटर प्लस के तहत ट्रीटिड वाटर का कम से कम 20 प्रतिशत प्रयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। ऐसे पानी से बागवानी, सिंचाई, औद्योगिक जरूरतें, निर्माण कार्य व सड़कों की सफाई की जा रही है। सार्वजनिक व जन शौचालयों की हो निरंतर सफाई- जिला नगरायुक्त ने बताया कि शहर में जितने भी सार्वजनिक व जन शौचालय हैं, उनकी निरंतर साफ-सफाई होती रहे। सभी सुविधाओं से युक्त बेस्ट टॉयलेट भी बनाए गए हैं। शीरो रूम का नवीनीकरण कर पिंक टॉयलेट बनाया गया है। इसी प्रकार विभिन्न सड़कों तथा फ्लाईओवर की दीवारों पर भी जागरूकता स्लोगन और पेंटिंग करवाई गई है, ताकि नागरिक स्वच्छता के प्रति शिक्षित रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पैरामीटर्स की पुनः जांच कर ली जाए, कहीं भी खामी नहीं रहनी चाहिए।

### सफाई मित्र सुरक्षा पर रहेगा जोर

उन्होंने बताया कि शहर की साफ-सफाई करने वालों को सुरक्षा उपकरण मुहैया हों, यह सुनिश्चित रहेगा। सफाई कर्ताओं को स्किल डव्लपमेंट ट्रैनिंग और हैल्थ चैकअप कैम्प जैसी गतिविधियां निगम द्वारा की जा चुकी हैं। ऐसे कर्मचारियों को सरकारी स्कीमों का लाभ दिलवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अनौपचारिक कूड़ा बीनने वालों को भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है। कबाड़ व्यापारियों को ट्रिपल आर के तौर पर कार्य करने के लिए जोड़ा जा रहा है।

## बजट में हलका नीलोखेड़ी को भी मिली बहुत सौगात

# सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी साबित होगा बजट : कबीरपंथी

विकसित भारत-विकसित हरियाणा बनाने की दिशा में अग्रसर करने वाला बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को बतौर वित्त मंत्री हरियाणा विधानसभा में पहला बजट प्रस्तुत किया। विधायक ने प्रदेश के बजट का स्वागत किया और भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह बजट जनता के हित में लाभकारी और हर वर्ग के लिए हितैषी साबित होगा। इतना ही नहीं यह एक लोक कल्याणकारी और विकसित भारत-विकसित हरियाणा बनाने की दिशा में अग्रसर करने वाला बजट है। विधायक ने कहा कि प्रदेश के विकास और तरक्की के लिए प्रस्तुत किए गए बजट में हल्का नीलोखेड़ी को भी बहुत सौगात मिली है। इनमें नीलोखेड़ी मे बस अड्डा बनाया जाएगा, जिससे यात्रियों को और सुविधा मिलेगी तथा परिवहन व यातायात और सुलभ होगा।

तरावड़ी मंडी मे बूथों के लाईसैंस अलाट करना, तरावड़ी मे बन रहे कालेज के निर्माण को दुबारा शुरू करवाना, सडक्रों का निर्माण, के इलावा कई मांगों को मान लिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं का भी बजट में पूरा ध्यान रखा है ताकि गरीब व्यक्ति को बेहतरीन तरीके से सरकारी अस्पतालों में इलाज की सुविधाएं मिल सकें।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भारत सरकार की मेक इन इंडिया नीति की तर्ज पर मेक इन हरियाणा कार्यक्रम का प्रारूप बनाएगी। इसके तहत राज्य को निर्माण, डिजाइन और नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं लागू की जाएंगीं। अखाड़ों को बेहतर बनाने, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष तीन सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 50 लाख, 30 लाख और 20 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर तीन सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 15 लाख, 10 लाख व 5 लाख का इनाम दिया जाएगा।



**तरावड़ी।** हल्का विधायक भगवान दास कबीरपंथी अपने समर्थको के साथ बजट चर्चा करते हुये।

### मुख्यमंत्री ने बजट में रखा हर वर्ग का ख्याल : त्रिलोचन सिंह

**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को प्रदेश के लिए दो लाख पांच हजार 17 करोड़ का बजट पेश किया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए करनाल भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा है। किसान, कर्मचारी, महिलाओं व युवाओं पर विशेष फोकस किया गया है। स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को बेहतर बनाने की गारंटी सीएम ने बजट में दी है। युवाओं को रोजगार देने का वादा किया गया है। यहीं नहीं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए भी योजना बनाई गई है। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार के शासन में चहुंमुखी विकास हुआ है। विकास के दम पर ही हरियाणा में भाजपा की सरकार तीसरी बार बनी है। करनाल नगर निगम चुनाव में भी विकास कार्यों के बल पर ही भाजपा की बंपर जीत हुई। हरियाणा में अब ट्रिपल इंजन की सरकार के शासन में विकास का पहिया और तेजी से दौड़ेगा।



फोटो। त्रिलोचन सिंह

### किसानों के फायदे के लिए कोई योजना शामिल नहीं: मैहला

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए बजट में किसानों के फायदे के लिए कोई योजना शामिल नहीं की गई। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लाखों करोड़ रुपए का बजट जारी किया है, लेकिन किसानों को इसमें एक रुपए की राहत देने का भी काम नहीं किया गया। एमएसपी गारंटी कानून का कोई जिक्र सीएम ने नहीं किया। सीएम हरियाणा में 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने का दावा करते हैं, लेकिन बजट में इस संबंध में कोई तथ्य प्रस्तुत नहीं किए। फसल बीमा योजना, फसल खरीद को लेकर मंडियों में उचित व्यवस्था, यूरिया खाद के दामों में कमी आदि को लेकर किसानों को सरकार से काफी अपेक्षाएं थीं।



### ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि केंद्र की ओर से 23 को होगा महासम्मेलन

**करनाल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर सात सेवा केंद्र की ओर से 23 मार्च को विशाल महासम्मेलन का आयोजन सेक्टर 12 के मैदान में शाम 4 से रात्रि 8 बजे तक किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण शिरकत करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में करनाल विधायक जगमोहन आनंद व मेयर रेणु बाला गुप्ता को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी प्रेम दीदी ने दी। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद गुजरात से संस्था की आर्ट एंड कल्चर विंग की चेयरपर्सन मुख्य वक्ता के रूप में चंदिक्रा दीदी पहुंचेंगी।

कार्यक्रम में माउंट आबू राजस्थान से आर्ट एंड कल्चर विंग के वाइस चेयरपर्सन बी.के. दयाल भाई, मुख्यालय संयोजक बी.के. सतीश भाई, वर्सटाइल आर्टिस्ट बी.के. नीतिन भाई, दिल्ली से विंग की नेशनल कोर्डिनेटर बी.के. पूनम दीदी, महाराष्ट्र से जोनल कोर्डिनेटर बी.के. कुंदा दीदी, पंजाब राजपुरा से जोनल कोर्डिनेटर बी.के. कैलाश दीदी, ओ.आर.सी आदि मौजूद रही।

# प्रवीण लाठर करनाल भाजपा जिलाध्यक्ष बने, जताया शीर्ष नेतृत्व का आभार

■ सेवा ही संगठन के सिद्धांत से पार्टी को आगे ले जाने का करेंगे काम: प्रवीण लाठर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भाजपा ने हरियाणा में जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है आज भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में करनाल जिलाध्यक्ष के लिए प्रवीण लाठर के नाम की घोषणा की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से हरियाणा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, जिलाध्यक्ष एवं असंध विधायक योगेन्द्र राणा, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल,करनाल नगर निगम मेयर रेणु बाला गुप्ता मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष के लिए प्रवीण लाठर के नाम की घोषणा होते ही मौके पर मौजूद सभी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का फूलों की मालाओं से एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने प्रदेश संगठन, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, मुख्यमंत्री नायब सैनी,करनाल के सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता,पूर्व जिलाध्यक्ष एवं असंध विधायक योगेन्द्र राणा, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल,कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता,विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेणु बाला गुप्ता का आभार जताते हुए धन्यवाद किया। इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि जिस प्रकार प्रदेश नेतृत्व और आप सभी ने मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को यह बहुत बड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है में इस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा ओर सभी को साथ लेकर चलते हुए संगठन की मजबूती के लिए काम करूंगा।



# आमजन का न्यायालय में बना रहे विश्वास: राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में 'तीन नये अपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023' विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। अभियोजन विभाग हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 मार्च तक चलेगा।

अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला के निर्देश पर अकादमी की जिला उप-न्यायवादी सुरेन्द्र कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से प्रशिक्षण पर आए 28 लोक अभियोजक भाग ले रहे हैं। इस कार्यशाला के आरम्भिक सत्र में मुख्य अतिथि वक्ता पानीपत के जिला न्यायवादी राजेश चौधरी ने प्रतिभागी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा ध्येय होना चाहिए कि पंक्ति के अन्तिम व्यक्ति तक न्याय पंहुचे, यदि आपके सकारात्मक प्रयासों से एक पीड़ित को न्याय मिलता है तो यह हम सबके लिए श्रेष्ठ उपलब्धि होगी। न्यायालय में न्याय मिलता है केवल इतना ही काफी नहीं है, बल्कि जन-साधारण को प्रत्यक्ष रूप से न्याय मिलता दिखाई भी देना चाहिए। ताकि आमजन का न्यायालय में विश्वास बना रहे। सदैव प्रयास करें कि आप विभाग में समस्याओं का हल बनें, बाधा नहीं। जीवन में सदैव जिज्ञासु बने रहें, क्योंकि बिना जिज्ञासा के व्यक्ति का जीवन निरर्थक है। यदि आप देश के लिए अच्छे हैं, तो समझें कि आप स्वयं के लिए अभी अच्छे हैं।

# जिला सचिवालय के सामने विस की तर्ज पर कर्मचारी जन असेंबली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर सर्व कर्मचारी संघ करनाल ने जिला सचिवालय के सामने विधानसभा की तर्ज पर कर्मचारी जन असेंबली का आयोजन किया। अध्यक्षता सुशील गुर्जर सिरसी जिला प्रधान द्वारा करी गई असंबली में रखे गए प्रस्ताव को सभी विभागों के नेता द्वारा चर्चा करी गई( जिसमें बाद में अध्यक्ष द्वारा पास करवाया गया जिसमें आठवां वेतन रेगुलेशन पुरानी पेंशन न्यूनतम वेतन जोखिम भत्ता महंगाई भत्ता समान काम समान वेतन बिजली बिल नई शिक्षा नीति पेंशनर आदि प्रस्ताव रहे संघ के नेताओं ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और अपन असंबली में पास किए प्रस्ताव को मुख्यमंत्री को तहसीलदार के माध्यम से सौंपा गया। संचालन सचिव सेवाराम बड़सर ने किया। प्रधान सुशील गुर्जर सिरसी ने कहा कि हरियाणा के सरकारी और अर्धसरकारी विभागों, नगर निगमों, विश्वविद्यालयों और पंचायती राज संस्थानों में कार्यरत 100 से अधिक संगठनों का प्रतिनिधित्व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा करता है। केंद्र सरकार हर 10 वर्ष में कर्मचारियों के वेतन संशोधन के लिए आयोग का गठन करती है और अब तक सात वेतन आयोग बन चुके हैं। अबकी बार राज्य के कर्मचारियों के लिए अलग वेतन आयोग गठित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर राज्य की नेता शारदा, कृष्ण शर्मा, ओमप्रकाश सिहमार, सतपाल सैनी, ओमप्रकाश माटा, विजय शर्मा, बलराज, धीरज रावत, कृपाल, रमेश, नरेश मेहला, अशोक, भाग सिंह, शंटी कांबोज, लाभ सिंह, बिजनेश राणा, रंगलाल संधू, अंकित राणा, तेजपाल, राजपाल कविता सुदेश पार्वती तनेजा गुरविंदर अशोक व जगमाल ने कर्मचारियों को संबोधित किया।




# चुनाव प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने को लेकर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल विधानसभा चुनाव क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए राजनीतिक दलों के साथ बैठक की तथा बैठक में चुनाव प्रक्रिया से संबंधित उनसे सुझाव लिए गए। बैठक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण, मतदान केंद्रों की स्थिति, बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) की नियुक्ति, ईवीएम, पोलिंग पार्टी और अन्य चुनावी विषयों पर चर्चा की गई। करनाल विधानसभा चुनाव क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने कहा कि राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रक्रिया से संबंधित बैठक में जो सुझाव दिए हैं उसकी रिपोर्ट तैयार करके प्रदेश के चुनाव आयोग को भेजी जाएगी। इस बैठक के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी भी जल्द ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि ने सुझाव देते हुए कहा कि वोटर लिस्ट समय-समय पर अपडेट होनी चाहिए और अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गई हो तो उसकी वोट समय रहते वोटर लिस्ट से कटनी चाहिए।



### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा के निवर्तमान उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा, कांग्रेस से जोगिंद्र, बीएसपी से रामपाल व अरविंद, सीपीआईएम से अशोक, सीपीआई से जिला सिंह सहित संबंधित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**चयन** 2025-2026 के लिए घोषित नौ सदस्यों की कार्यकारिणी टीम का स्वागत किया

# भारत विकास परिषद ने सर्वसम्मति से डा. स्वर्णलता काठपाल को अध्यक्ष चुना

चुनाव पर्यवेक्षक की भूमिका प्रियंका काठपाल ने निभाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत विकास परिषद सूरज शाखा करनाल की नई मुख्य टीम का चयन आगामी वर्ष के लिए शाखा की सामान्य बैठक में किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक की भूमिका प्रियंका काठपाल ने अदा की। सर्वसम्मति से डा. स्वर्णलता काठपाल को अध्यक्ष, प्रेम मेहता को सचिव तथा राजेश गोगिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही पांच उपाध्यक्षों व संगठन सचिव की नियुक्ति भी की गई। डा. राजन हांडा को उपाध्यक्ष (संपर्क), हरमीत सिंह को उपाध्यक्ष (संस्कार), हरीश शर्मा को उपाध्यक्ष (सेवा), डा. हर्ष सेठी को उपाध्यक्ष (पर्यावरण) तथा प्रवीण गोयल को संगठन सचिव नियुक्त किया गया। शाखा की सदस्य परमजीत हांडा ने चुनाव पर्यवेक्षक प्रियंका काठपाल के जीवन तथा व्यक्तिगत उपलब्धियों की जानकारी दी। चयन प्रक्रिया शाखा के वरिष्ठ फाउंडर सदस्य प्रो. जी.एस शर्मा तथा प्रोफेसर एनके बत्रा की अध्यक्षता में पूर्ण हुई। कार्यक्रम का आरंभ वंदे मातरम के साथ किया गया। सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से वर्ष 2025-2026 के लिए घोषित नौ सदस्यों की कार्यकारिणी टीम का स्वागत किया। सम्माननीय अतिथि अजीत राही सेवा निवृत महाप्रबंधक एसबीआई, ने सदस्यों को कुछ आवश्यक सडक़ सुरक्षा एवं यातायात के नियमों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर महेश शर्मा, संजीव मेहता, विनीता गेरा, कर्नल बी.सी काठपाल, डा. मीनू ठाकुर, डॉ. बीके ठाकुर, पूनम सिंगला, सबिंदु गोगिया, ओम प्रकाश सुखीजा, रेखा सुखीजा,चंद्र मेहता, राज कुमार गेरा, डा. राजन हांडा, प्रो. जोगिंदर सिंह कल्याणा व फूल कल्याणा आदि मौजूद रहे।



### तरावड़ी मंडी अध्यक्ष पद का चुनाव 27 मार्च को हो सकता, बन सकती है सर्वसम्मति

**तरावड़ी।** अनाज मंडी में अध्यक्ष पद के लिए चुनावी कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से चुनाव करवाने का प्रयास किया गया लेकिन उसमें कोई सहमति नही बन पाई। चुनाव दिन-प्रतिदिन पेचीदा होता जा रहा है। मंडी प्रधान पद के लिए 20 मार्च को मंडी में चुनाव होना था, लेकिन अब चुनावी प्रक्रिया को 27 मार्च का होना सुनिश्चित किया गया है। मंडी में आपसी सहमति बनाने के लिए तीन लोगों की एक कमेटी बनाई गई थी। इसमें विधायक भगवानदास कबीरपंथी, मंडी के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश गुप्ता एवं राजीव नारंग को शामिल किया गया था। बैठक में मंडी प्रधाप पद के दोनों उम्मीदवारों को भी शामिल किया गया था लेकिन अभी तक आपसी सहमति नहीं बनी है। अनाज मंडी में 2 वर्ष के लिए होने वाले चुनाव में आए हुए पांच नामांकन पत्रों में से तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस लिए थे, जिसके बाद मंडी में अध्यक्ष का चुनाव में सीधी टक्कर हो गई थी। लेकिन अब फिर से चुनाव में नया मोड़ आ गया है। अब मंडी अध्यक्ष के चुनाव में दो उम्मीदवार सुभाष गुप्ता और शीशपाल गुप्ता के बीच में मुकाबला होना है। जानकारी देते मंडी के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश गुप्ता एवं चुनाव अधिकारी राकेश हंस ने बताया कि 20 मार्च को चुनाव करवाया जाना था, उसी दिन शाम को चुनाव के नतीजे घोषित किए जाने थे। फिलहाल अभी 20 मार्च को चुनाव नहीं होंगे। हमारा प्रयास है कि मंडी में आपसी भाईचारा कायम रहे। इसी को लेकर हम लगातार प्रयास कर रहे है कि मंडी में चुनाव की बजाए आपसी सहमति से ही प्रधान चुना जाए। वहीं इस बार भी मंडी में सर्वसम्मति बनाने की कोशिश की जा रही है। जिस कारण 27 मार्च तक चुनावी प्रक्रिया टाल दी गई है।

## खबर संक्षेप

### जिलास्तर पर विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया

**पानीपत।** खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक राजेश आर्य ने जागो ग्राहक-जागो अभियान के तहत सोमवार उपभोक्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने उपभोक्ताओं के लिए कई महत्वकांक्षी योजनाए प्रारम्भ की हुई हैं। जिनका वर्तमान में उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जिला स्तर पर विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया, जिसमें उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने हर घर ग्रहणी स्कीम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### जन सेवा करना पार्षदों का दायित्व

**पानीपत।** नगर निगम के गत दिवस संपन्न हुए चुनाव में वार्ड नंबर 8 से जीत हासिल करने वाली पूर्व मेयर सुरेश वर्मा की पत्नी सरोज वर्मा व वार्ड 19 से नवनिर्वाचित पार्षद बबलू प्रजापत ने सोमवार को जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया से मुलाकात की और अपने वार्डों में विकास कार्य जल्द शुरू कराने की अपील की। उपायुक्त ने दोनों पार्षदों को जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने व जनता के हित में अच्छा करने के लिए कहा।

### शाइनिंग स्टार्स उत्सव का कार्यक्रम आयोजित

**पानीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में दूसरी कक्षा के छात्रों के लिए शाइनिंग स्टार्स उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नन्हे-मुन्नों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि हाऊसिंग बोर्ड कार्पोरेशन के एसडीओ सुरेंद्र जागलान रहे। प्रधानाचार्या सुमिता अरोड़ा ने अभिभावकों का अभिनंदन किया।

### भाषण प्रतियोगिता में रोशनी रही प्रथम

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा एमए फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए एक 'क्लास एक्टिविटी' के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय "इफैक्ट्स आफ सिविल वॉर ऑन अमेरिकन लिटरेचर" रहा। जिसमें रोशनी ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय तथा मीनाक्षी और शीतल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### गली गली जाकर दाखिले की अपील की

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने से पूर्व ही गांव में गली गली जाकर दाखिले की अपील की। वहीं, डोर टू डोर अभियान के तहत अर्थशास्त्र प्राध्यापिका मधु बाला, गणित प्राध्यापिका दीपिका धवन और पीजीटी फाइन आर्ट प्रदीप मलिक ने बताया कि दाखिला प्रक्रिया के दौरान हमारी टीम ने बाबरपुर गांव में जाकर अभिभावकों को सरकारी स्कूलों के बारे में जानकारी देकर दाखिला दिलाने की अपील की।

### भाजपा में कार्यकर्ताओं को मिलता पूरा सम्मानः चुघ

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा नेता एवं थानेसर नगर परिषद से पार्षद सुधीर चुघ ने कहा कि हरियाणा तथा केंद्र की भाजपा सरकार के हाथों में युवा, किसान, मजदूर, व्यापारी, श्रमिक, गृहणी, कर्मचारी सहित सभी वर्गों के हित पूर्ण रूप से सुरक्षित है। सुधीर चुघ ने भाजपा कार्यालय पर तजिंद्र सिंह खैहरा गोल्डी को भाजपा कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलता है।

---

प्रदेश सरकार का बजट काफ़ी हद तक उद्यमी हितैषी

# उद्यमियों ने भाजपा सरकार के बजट की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



भीम सचदेवा। श्रीभगवान अग्रवाल। भीम राणा विनोद धमीजा विभु पालीवाल।

हरियाणा चेंबर ऑफ कॉमर्स पानीपत चेप्टर के अध्यक्ष व टेक्सटाइल एक्सपोर्ट विनोद धमीजा ने भाजपा सरकार के बजट की सरहाना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की बदौलत पानीपत को कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट यानि सीईटीपी की सौगात मिली है। पानीपत के टेक्सआइल व इससे जुडे उद्योगों के कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट का लाभ मिलेगा। वहीं, पानीपत डायर्स एसोसिएशन के पूर्व प्रधान भीम राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार का बजट काफी हद तक उद्यमी हितैषी है। वहीं, प्रदेश सरकार ने अपने बजट में हरियाणा में लगभग दो लाख सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्योग एमएसएमई ऐसे क्षेत्रों में चल रहे हैं, जो किसी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित नहीं हैं। पिछले दस वर्षों में प्रदेश की लगभग 2,145 अनधिकृत आवासीय कॉलोनियों को नियमित किया गया है। कम से कम 50 उद्यमी और कम से कम 10 एकड़ सन्निहित भूमि पर स्थित इकाइयों के सामूहिक रूप से एक पोर्टल पर आवेदन करने पर, अंतिम निर्णय लिए जाने तक सभी विभागों द्वारा उन्हें वैध औद्योगिक इकाई माना जाएगा। सीएम की इस घोषणा का पानीपत के उद्यमियों को काफी लाभ होगा। औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 के उद्यमी नेता श्रीभगवान अग्रवाल ने कहा कि पूर्व में एचएसवीपी से एचएसआईआईडीसी में हस्तांतरित हुई औद्योगिक संपदाओं में लगे उद्योगों के मालिकों को ट्रांसफर, प्रोजेक्ट कंप्लीशन सर्टिफिकेट इत्यादि लेने में कठिनाइयां आ रही थीं। वहीं अब मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत अब एचएसआईआईडीसी उन प्लॉट धारकों को केवल एचएसवीपी द्वारा जारी मूल आवंटन पत्रों की शर्तों व नीति के अनुसार नियंत्रित करेगा, न कि एचएसआईआईडीसी की अपनी ईएमपी के अनुसार। एचएसआईआईडीसी, एचएसवीपी, पंचायतों व अन्य सरकारी विभागों द्वारा ईएसआईसी अस्पतालों एवं डिस्पेंसरियों के लिए भूमि का आवंटन रियायती दरों पर किया जाएगा।

---

# बाल श्रम के विरूद्ध रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




**पानीपत।** एमडीडी ऑफ इंडिया जागरूकता रैली निकालते हुए। फोटो :हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत की सचिव एवं न्यायिक दंडाधिकारी के मार्गदर्शन में गैर सरकारी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया ने शिक्षा विभाग, बाल कल्याण समिति, जिला कल्याण विभाग, पुलिस विभाग और ब्रेकथ्रू संस्था के सहयोग से बाल श्रम और बच्चों से भिक्षावृत्ति के खिलाफ शिक्षा का हक नई राह नई पहचान अभियान चलाकर छह बच्चों को बाल श्रम के चंगुल से मुक्त कराया गया।

वहीं शिक्षा का हक नई राह नई पहचान अभियान के तहत जिले के सरकारी विभागों और गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा मिलकर नूरवाला बस स्टैंड, बाजार और फैक्ट्रियों में बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें बस्तियों और बाजार में रैली निकाली गई और दुकानों पर काम कर रहे 8 से 14 साल की उम्र के 6 बच्चों को मुक्त करवाकर बाल कल्याण समिति में पेश किया गया।

---

# समालखा-नारायणा रोड पर छह करोड़ से बनेगा अंडरपास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

- अंडरपास 120 मीटर लंबा, लगभग 6 मीटर ऊंचा और 8 मीटर चौड़ा होगा

समालखा से गांव नारायणा को जा रही सडक पर पडने वाले रेलवे फाटक पर अंडरपास का निर्माण कार्य 20 मार्च से प्रारंभ होगा। यह परियोजना करीब पांच से छह करोड़ रुपये की लागत से पूरी होगी। इस निर्माण कार्य के चलते 20 फरवरी से यातायात को नगर के मुख्य बाजारों और ऑप्शनल मार्गों की तरफ मोड़ा जाएगा। रेलवे विभाग ने इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। दिल्ली-अंबाला रेलवे ट्रैक पर रोजाना 100 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। कई बार एक साथ चार से अधिक ट्रेनें निकलती हैं। इस वजह से फाटक लंबे समय तक बंद रहता है। इससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। अंडरपास 120 मीटर लंबा, लगभग 6 मीटर ऊंचा और 8 मीटर चौड़ा होगा। इसमें बीच में डिवाइडर भी बनाया जाएगा। रेलवे विभाग के अधिकारियों के अनुसार निर्माण कार्य 9 से 10 महीने में पूरा हो जाएगा। इस अंडरपास के बनने से आसपास के गांवों और बस्तियों के हजारों लोगों को फायदा मिलेगा।

---

# पानीपत पुलिस ने 63 जगहों पर नाके लगाकर वाहन जांचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के निर्देशानुसार पानीपत पुलिस द्वारा जिला में आपराधिक वारदातों को अंजाम देकर फरार होने वाले आरोपियों को पकड़ने के लिए सीलिंग प्लान तैयार किया गया है। जिला में पुलिस ने रविवार को सीलिंग प्लान के तहत 63 स्थानों पर नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की। रविवार को शाम छह से रात नौ बजे तक सीलिंग प्लान के तहत जिले में नाकाबंदी की। इस दौरान प्लान के तहत अतिरिक्त फोर्स लगाए बिना अचानक से कच्चे व पक्के रास्तों पर नाकाबंदी की गई। और एक हजार से ज्यादा दो पहिया व चार पहिया वाहनों की चेकिंग की। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस का प्राथमिक कार्य व कर्तव्य आमजन की सुरक्षा व अपराधों पर नियंत्रण रख कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखना है। जिसके लिए पुलिस गश्त, नाकाबंदी आदि कार्रवाई का सहारा लेती है। इसके साथ ही जिले के किसी हिस्से में अचानक कोई बड़ी संवदेनशील घटना घटित हो जाए या घटित होने की संभावना है तो ऐसे हालातों में आपात स्थिति से निपटने के लिए सीलिंग प्लान बनाया गया है।



**पानीपत।** पानीपत में वाहनों की जांच करती हुई पुलिस टीम। **फोटो :हरिभूमि**

---

# ड्राइवरों ने नशे के खिलाफ शपथ ली

- नशा करने वाले व्यक्ति को समाज व परिवार में कोई भी मान सम्मान नहीं करता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**पानीपत।** नशे के विरूद्ध शपथ लेते हुए टीचर्स व स्टूडेंट्स। फोटो :हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने सोमवार को मनाना गांव में स्थित द ग्रीन हेरिटेज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को व जीटी रोड पर करहंस गांव के स्थित कपूर इंडस्ट्रीज में ड्राइवरों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र सिंह ने कहा की नशा मनुष्य के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। नशा करने वाले व्यक्ति को समाज व परिवार में कोई भी मान सम्मान नहीं करता है। उन्होंने कहा कि नशे से शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में पुलिस द्वारा स्कूल, कॉलेज, फैक्टरी, गांव व कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने बारें प्ररित करें। जिला व गांव को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। वहीं, विद्यार्थियों व ड्राइवरों को नशे के दुष्परिणामों की जानकरी देकर जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई।

---

# गो सेवा करने से मनुष्य को बहुत पुण्य मिलता है : सैनी

- गांव राजाखेड़ी में महावीर स्वामी गोधाम (गोशाला) का पांचवा वार्षिकोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** महावीर स्वामी गौधाम के वार्षिकोत्सव में अतिथियों को सम्मानित करते हुए मेजबान।

पानीपत के गांव राजाखेड़ी में महावीर स्वामी गोधाम (गोशाला) का पांचवा वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान बलबीर मलिक ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित मेयर कोमल सैनी, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महिपाल सूबेदार, रमेश मलिक, प्रधान सब्जी मंडी एसोसिएशन, ईश्वर गोयल, जितेंद्र अहलावत, रामपाल जांगड़ा, कृष्ण अहलावत, सुभाष जैन, सुशील जैन, अजय जैन, ओम प्रकाश जैन, आनंद जैन, डॉ. हवा सिंह मलिक, पवन सेठी ने शिरकत की जिनका गोशाला कमेटी के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह, पगड़ी व पटके से स्वागत किया। कार्यक्रम की हवन से शुरूआत की गई व इसके बाद सभी ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इधर, अतिथियों ने कहा कि प्राचीन काल से ही गोमाता का स्थान सबसे पवित्र व पूजनीय रहा है। गोसेवा सबसे बड़ी सेवा। मिलकर गोमाता के लिए प्रयास करें जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियों को गोमाता के महत्व के बारे में पता चले सके। महीपाल सूबेदार ने कहा कि गौ सेवा करने से मनुष्य को बहुत पुण्य मिलता है,यह हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत नरेश विद्यार्थी एंड पार्टी ने गोमाता से जुड़ी धार्मिक व सांस्कृतिक भजन व रागनियों द्वारा प्रस्तुति दी जिसका सभी ने आनंद लिया। आज़ाद हिंद फौज संगठन के चेयरमैन रोहित गौतम ने मेयर कोमल सैनी के समक्ष कमेटी की तरफ से गोशाला में गायों के लिए शेड बनवाने की मांग रखी जिस पर मेयर ने शेड बनवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गौशाला कमेटी ने गोशाला कर्मचारियों, युवा गोसेवको को पगड़ी व पटका पहनाकर सम्मानित किया। मंच संचालन गोभक्त व शिक्षक बोधराज श्योराण ने किया।

---

# बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में प्रदीप ने जीता गोल्ड मेडल

**पानीपत।** पानीपत कृष्णपुरा निवासी कबीरपंथी जुलाहा समाज से सम्बध रखने वाले प्रदीप तोमर पुत्र अजब सिंह ने दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता ओपन बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत जता है। वहीं राष्ट्रीय कबीरपंथी जुलाहा विकास महासभा ने 68 ग्रीन पार्क तहसील कैम्प स्थित कबीर आश्रम में समाज की ओर से प्रदीप तोमर की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रदीप तोमर व इसके कोच अमित शर्मा व बिजेंद्र वर्मा का पगड़ी व पटका पहनाकर के साथ ही स्मृति चिन्ह देकर फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। सम्मान समारोह में स्थानीय कबीरपंथी जुलाहा समाज के सैंकड़ो की संख्या में बुजुर्ग व नौजवान ने प्रदीप तोमर को अपना आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सद्गुरु कबीर जनसेवा समिति अध्यक्ष पदम सिंह, महासभा अध्यक्ष डॉ. ओमवीर पंवार व भगत राजकुमार कटारिया आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** गोल्ड मेडल विजेता वेट लिफ्टर प्रदीप तोमर को सम्मानित करते हुए डॉ ओमवीर पंवार, आदि।

---

# दुष्यंत भट्ट फिर बने भाजपा जिलाध्यक्ष

- लोस, विस, निकाय चुनाव में भाजपा की जीत में दुष्यंत की थी महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को सम्मानित करते हुए पार्टी के नेतागण।

भाजपा के जीटी रोड स्थित कार्यालय के सभागार में भाजपा के पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की आम सभा का आयोजन किया गया।

भाजपा जिला चुनाव अधिकारी मीना चौहान ने सभा की अध्यक्षता की। पूर्व सांसद संजय भाटिया, रोशन लाल माहला, अनिल पंवार सुनीता गोयल, सुमित जागलान, डॉ. हेमा रमन, अवनीत कौर, संजय अग्रवाल, सुरेन्द्र जलमाना, महावीर दहिया, आरडी कल्याण, रफाकत हसन, बलिंद्र आर्य, रविंद्र तुशामड, ओम दत्त आर्य, ईश कुमार राणा, भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सभी पार्षद मौजूद रहे।

इस अवसर पर भाजपा जिला चुनाव अधिकारी मीना चौहान ने कहा कि लोकसभा, विधानसभा और अब नगर निगम चुनाव में भाजपा ने जीत का इतिहास रचा है। इस का श्रेय पार्टी के जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को भी जाता है। वहीं सर्व सम्मति से भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को ही पुनः भाजपा जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दुष्यंत भट्ट को बधाई दी।

---

# पौधे रोप कर मनाई कल्पना चावला की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। राजकीय कॉलेज में कल्पना चावला की जयंती पर पौधे रोते हुए ग्रीन मैन प्रो .दलजीत व उनकी टीम।

कल्पना चावला की जयंती पर देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इको क्लब के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इको क्लब के अध्यक्ष ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि भारत की बेटी स्वर्गीय कल्पना चावला की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में नव स्थापित ऑक्सीजन बाग में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे बेटा बेटी एक समान एक पौधा बेटी के नाम अभियान के तहत प्रोफेसर सोनिया दहिया, डॉ. तकदीर सिंह, डॉ. ज्योति, अनिल माली तथा इको क्लब के विद्यार्थियों के सहयोग से अंजीर, अमरूद, माल्टा, अनार के 11 पौधे रोपित किए गए। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि इको क्लब के तहत महापुरुषों, वीरांगनाओं, अपनो के विशेष दिनों पर पौधरोपण से जहां विद्यार्थियों को इन महान विभूतियों के जीवन बारे जानकारी मिलती है वहीं दूसरी तरफ पौधारोपण से प्रदूषण नियंत्रण करके प्रकृति व समाज की सेवा की जाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. दलजीत सिंह ने की ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत और इनके इको क्लब के पौधा रोपण के कार्य महाविद्यालय और समाज निर्माण के लिए अतिआवश्यक है।

---

एनएसएस के स्वयं सेवकों को सेवाभाव के लिए प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार दिए

# समर्थ, संवेदी युवा ही विकसित भारत का आधार हैं : डा. अनुपम अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोडा के साथ एनएसएस के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

एसडी पीजी कालेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनएसएस पाठ्यक्रम के अनुसार आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस कैंप का विधिवत समापन हो गया। कालेज प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा,प्रोग्राम ऑफि सर डा. राकेश गर्ग व डा. संतोष कुमारी ने समापन समारोह में सभी प्रतिभागी एनएसएस कार्यकर्ताओं को कैंप में किये गये उत्कृष्ट कार्य और सेवा भाव के लिए प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार वितरित किये गए। विदित रहे कि सात दिन चले इस कैंप में झुग्गी-बस्तियों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वयंसेवकों ने अपनी कर्मस्थली बनाकर वहां सामाजिक और सामुदायिक हित के कार्य किये साफ-सफाई, कुपोषण के प्रति जागरूकता, कैशलेस अर्थव्यवस्था, महिलाओं की शिक्षा और सुरक्षा, बच्चों की बिमारियों से मुक्ति, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, घरेलू हिंसा से बचाव जैसे मुद्दों पर युवाओं ने काम किया। सांय कालीन सत्र में एसएसएस स्वयंसेवकों ने नृत्य व गीत पेश किये। स्वयंसेवकों ने रेलवे स्टेशन पर जाकर आमजन को कालेज में आयोजित होने वाली विकसित भारत युवा संसद 2025 की जानकारी दी।

### समुदायवाद और परस्पर मदद का भाव एनएसएस की आत्मा

प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि एनएसएस कार्यकर्ताओ को समाज के गरीब लोगों, भेदभाव की भावना, व्यसन की आदत, शारीरिक बीमारीयों, बेरोजगारी, शैक्षिक समस्याओं, अक्षमता तथा मानसिक बीमारीयो जैसी जीवन की कठिन चुनौतियों में दूसरों की मदद का जरिया बनना चाहिए। एनएसएस एक ऐसा कार्य है जो जीवन की उन्नत गुणवत्ता के लिए निवारक तथा पुनस्थापन कार्य के इच्छुक व्यक्तियों, परिवारों तथा समुदायों को सेवाएं देता है। समुदायवाद और परस्पर मदद का भाव एनएसएस की आत्मा है। उन्हें कालेज के एनएनएस कार्यकर्ताओं के जज्बे और लगन को देखकर बहुत सुखद अहसास हुआ है। ये छात्र अवश्य ही अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को छुएंगे। समर्थ, संवेदी युवा ही विकसित भारत का आधार है।

---

### जनसेवा करना अधिकारियों का कर्तव्य : डॉ. वीरेंद्र

पानीपत। जिला सचिवालय के सभागार में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि अधिकारी जन समस्याओं का समाधान कर्तव्य समझ कर करें उसे किसी भी तरह से बोझ ना समझे।

## सूचना

मैं, ज्वाला पुत्र श्री मलखान निवासी गांव नामुण्डा तहसील समालखा,जिला पानीपत का रहने वाला हूँ, बयान करता हूँ कि प्रदीप मेरा सगा लड़का है। जो मेरे व परिवार के कहे सुने से बाहर है। मैं अपने पुत्र प्रदीप को अपनी चल व अंचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद प्रदीप से लेन देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होगें। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर लगाने का मुख्य उदेश्य लोगो की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करना है। यदि किसी मामले मे कोई वेरिफिकेशन या अन्य दस्तावेज जांच संबंधी कारणों से मौके पर समाधान नहीं होता है तो उसे तत्परता से तय समय सीमा मे निपटाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त सोमवार काके अपने कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करने के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने शिविर मे पंहुचे लोगो कि समस्याओं को सुना।

### लकड़ी के बुरादे की होगी बोली

**अंबाला।** केंद्रीय जेल की उद्योगशाला में लकड़ी के बुरादे की खुली बोली द्वारा नीलामी की जानी है। खुली बोली 18 मार्च 2025 को प्रातः 10.30 बजे केंद्रीय जेल में होगी। जेल अधीक्षक सतविंद्र गोदारा ने बताया कि सभी इच्छुक व्यक्ति निश्चित तिथि/समय पर कार्यालय जेल अधीक्षक में पहुंचे। इसके लिए नियम एवं शर्तें निर्धारित की गई हैं जिनमें प्रत्येक बोलीदाता को बुरादे लेने हेतु बोली लगाने के लिए राशि 5000 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट सुपरीडेंट, सेंट्रल जेल के पक्ष में देना होगा।

### बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का हल आज

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 18 मार्च 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे।गोयल ने बताया कि बिजली संबंधित वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है बैठक में रखी जाएंगी।

### वोट बनवाने के लिए किया जागरुक

**अंबाला।** एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि बीएलओं के साथ-साथ राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी लोगों को वोट के लिए जागरूक करें। जिन भी युवाओं की आयु 18 वर्ष की पूर्ण हो तभी वे अपनी वोट फार्म नंबर 6 भर कर बनवा लें। उन्होंने कहा कि बारहवीं तक के स्कूल एवं कालेजों में भी वोट बनवाने के लिए विद्यार्थियों को जानकारी दी जाए। इसके साथ-साथ शिक्षण संस्थानों में भी इस बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करें। एसडीएम ने इस सिलसिले में अपने कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली।

### अवैध कॉलोनी में निर्माण ढहाए

**अंबाला।** जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा गांव शहजादपुर में लगभग 1 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही एक कॉलोनी में बनी सडक्रों के जाल व नीव तथा दूसरे निर्माण को पूर्ण रुप से धवस्त कर दिया । मौके पर जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात थे। जबकि अभिषेक कौशिक (कनिष्ठ अभियंता), भानू (कनिष्ठ अभियंता) तथा रविंद्र कुमार (क्षेत्रानवेशक) भी भारी पुलिस दल के साथ उपस्थित थे। चौहान ने लोगों से अपील की कि वे यहां प्लाट न खरीदे।

### तेज रफ्तार कार ने मारी बाइक को टक्कर

**बराड़ा।** बराड़ा-अधोया रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने एक बाईक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दंपति घायल हो गए। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित प्रदीप कुमार ने बताया कि वह और उनकी पत्नी बाइक पर सवार होकर अधोया से अपने घर लौट रहे थे। इंडियन पेट्रोल पंप के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक सफेद रंग की कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सडक्र पर गिर पड़े। इस दुर्घटना में प्रदीप कुमार को हाथ, जांघ और पैरों पर चोटें आईं जबकि उसकी पत्नी किरण बाला को सिर, कमर, टांगों और बाजुओं पर गंभीर चोटें लगी।

### एक दशक की कसरत के बाद अब आईएमटी स्थापित होने का खुला रास्ता, रोजगार के खुलेंगे नए रास्ते

# 800 एकड़ में स्थापित होगी आईएमटी, राज्य सरकार ने बजट में योजना का किया ऐलान

**पूर्व मंत्री असीम गोयल बोले यह अंबाला के लिए बड़ा दिन, सीएम नायब सैनी का जताया आभार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सीएम नायब सैनी की ओर से सोमवार को पेश किए गए अपने पहले बजट में अंबाला को आईएमटी की सौगात मिली है। राज्य सरकार ने पहली बार अंबाला शहर में 800 एकड़ भूमि पर आईएमटी स्थापित करने के लिए बजट का प्रावधान करने की घोषणा की है। इस घोषणा के साथ ही पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सीएम नायब सैनी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आईएमटी की स्थापना से यहां विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। बता दें कि कुछ समय पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी अंबाला शहर पहुंचे थे। यहां उन्होंने मंच से यह कहा था की अंबाला की जनता हरगिज़ भी अपने दिल में यह बात न लेकर आए की असीम गोयल विधायक नहीं बन पाए। असीम गोयल की एक विधायक से ज्यादा चल रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आईएमटी का तोहफा देकर अपनी बात को सच साबित किया है।



**अंबाला।** सीएम नायब सैनी का आभार जताते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

#### अंबाला के लिए ये बेहद बड़ा दिनः गोयल

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने बजट में सीएम नायब सैनी की ओर से आईएमटी के लिए बजट की व्यवस्था रखने को अंबाला के लिए बेहद बड़ा दिन बताया है। गोयल ने इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि यहां आईएमटी लगने से अंबाला महानगर बनने के पथ पर अग्रसर होगा। मुख्यमंत्री ने अंबाला शहर में 800 एकड़ भूमि पर आईएमटी लगाने के लिए बजट में प्रावधान की जो घोषणा की है इससे यहां के व्यापारी वर्ग का भविष्य भी उज्जवल होगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही वे अंबाला के व्यापारियों को लेकर मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त करेंगे।

#### बजट से पहले की थी मुलाकात

राज्य की भाजपा सरकार की ओर से तीसरे कार्यकाल में पेश किए गए अपने पहले बजट में अंबाला शहर में आईएमटी स्थापित करने के लिए बजट की घोषणा की है। दरअसल आईएमटी के लिए बजट का प्रावधान हो इसके लिए पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कई बार सीएम नायब सैनी से मुलाकात की थी। उन्होंने अंबाला शहर के विकास के लिए आईएमटी के लिए बजट व्यवस्था करने का आग्रह किया ताकि यहां विकास के नए रास्ते खुल सकें। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी असीम गोयल को निराश नहीं किया। उनके भाव और अंबाला के उज्ज्वल भविष्य की मांग को समझते हुए बजट में आईएमटी के लिए बड़ी घोषणा की। 800 एकड़ भूमि पर आईएमटी स्थापित करने के लिए सरकार ने बजट का प्रावधान रखा है। ऐसे में अब आईएमटी स्थापित होने का मार्ग और सरल हो गया है।

#### पूर्व मंत्री लगातार कर रहे थे पैरवी

अंबाला शहर के विकास के लिए पूर्व मंत्री असीम गोयल लगातार यहां आईएमटी स्थापित करने के लिए पैरवी कर रहे थे। तत्कालीन सीएम मनोहर लाल ने भी अंबाला शहर में आईएमटी स्थापित करने का वायदा किया था। खुद असीम गोयल अंबाला शहर में आईएमटी लगवाने के लिए कड़ी कसरत कर रहे थे। उनके प्रयासों को अब सफलता मिल गई है। आईएमटी की स्थापना से न केवल अंबाला शहर में उद्योगिक क्रांति आएगी बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं को भी रोजगार की सुविधा मिलेगी।

#### विरोध के बाद रद हुई थी योजना

अंबाला में आईएमटी स्थापित करने को लेकर पिछले एक दशक से कसरत हो रही है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार में पूर्व मंत्री विनोद शर्मा ने अंबाला में आईएमटी स्थापित करने का प्रयास किया था। तब उनकी मांग पर कांग्रेस सरकार ने आईएमटी स्थापित करने की मंजूरी भी दी थी। इसके लिए पंजोखरा व आसपास के कई गांवों की 1800 एकड़ जमीन को अधिग्रहण करने की कार्रवाई भी शुरू हो गई थी। मगर कांग्रेस की तत्कालीन लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा व दूसरे नेताओं के विरोध की वजह से आईएमटी की योजना रद्ध हो गई थी। हालांकि इसके बावजूद पूर्व मंत्री विनोद शर्मा आईएमटी की स्थापना को लेकर लगातार जोर लगाते रहे। हालांकि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद तत्कालीन विधायक असीम गोयल ने अंबाला शहर में आईएमटी स्थापित करने की मांग तत्कालीन सीएम मनोहर लाल के समक्ष रखी। तब उन्होंने अंबाला शहर के विकास के लिए यहां आईएमटी स्थापित करने का ऐलान किया था। अब यह योजना सिरे चढ़ती दिख रही है।

### सरकार का पहला बजट समग्र विकास की ओर बढ़ाए गए कदम



नंबरदार सुरेश पाल



सरदार गुरपाल सिंह।

**नारायणगढ।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बतौर वित मंत्री विधानसभा में पेश किए गए बजट को ज्यादातर लोगों ने विकासमुखी और सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी बताया। नंबरदार सुरेश पाल ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा अपनी सरकार का पहला बजट पेश किया गया है। इस बजट में सभी वर्गों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसमें किसानों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में राज्य के समग्र विकास और सभी वर्गों के कल्याण पर जोर दिया गया है। इससे प्रदेश को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाने की दिशा में कदम बढाए गए है। सरदार गुरपाल सिंह बड़ी कोहड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार का यह पहला बजट है। इसमें किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए बड़ी घोषणाएं की गई है। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि और किसानों को राहत देने के लिए नई सब्सिडी योजनाएं लागू की जाएंगी। युवाओं और रोजगार रोजगार सृजन के लिए 10,000 नए पद सृजित किए जाएंगे। हर जिले में स्टार्टअप हब और स्किल डिवेलपमेंट सेंटर स्थापित किए जाएंगे। सेवानिवृत मास्टर केहर सिंह सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा को ओर अधिक मजबूत करने व सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज और दवाइयों की व्यवस्था को मजबूत करने की बात कही गई है। नए बजट में सरकार ने स्कूलों में डिजिटल क्लासरूम और स्मार्ट बोर्ड लगाए जाने। ग्रामीण क्षेत्रों में नए मेडिकल कॉलेज खोले जाने की घोषणा स्वागत योग्य हैं। मास्टर बलजीत सिंह ने कहा कि यह बजट संतुलित और विकासोन्मुखी है। सरकार ने हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई हैं।


- **लोगों ने बजट को लेकर सीएम नायब सैनी की तारीफ की, कहा बजट में महिलाओं व युवाओं के साथ के किसानों का रखा गया ख्याल**

## नमन को मिला इंस्पायर अवार्ड

- **छात्रवृत्ति के तौर पर मिले दस हजार रुपये**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागद्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक अवार्ड (2024-2025) के लिए पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र नमन खटकर का चयन हुआ है। इसके लिए उन्हें इंस्पायर अवार्ड के रूप में 10,000/- रूपये छात्रवृति के रूप में प्राप्त हुए। नमन खटकर ने 'इंटलिजेंस सिस्टम फॉर व्हीकल्स विद एल्कोहल डिटेक्टर' प्रोजेक्ट बनाया जो इस समस्या की जांच करेगा कि शराब पीकर या नशा करके ड्राइविंग करने वालों की जांच किस प्रकार की जाए। स्कूल प्राचार्य डॉ. विकास कोहली द्वारा नमन खटकर के चयनित होने पर प्राप्त सर्टिफिकेट देकर उसका उत्साहवर्धन किया गया तथा उन्होंने इस अवसर पर नमन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस उपलब्धि को हासिल कर नमन ने अपने पिता रमेश कुमार का व अपनी माता गीता देवी का तथा अपने अध्यापकों का और स्कूल का नाम रोशन किया है।




**अंबाला।** आठवीं के छात्र नमन को सम्मानित करते प्रिंसिपल। *फोटोः हरिभूमि*

## छावनी के दो स्कूलों का होगा कायाकल्प

- **बीसी बाजार और रामबाग रोड पर राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मरम्मत के साथ होंगे दूसरे कार्य**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के रामबाग रोड और बीसी बाजार में स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल का कायाकल्प एक करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इन स्कूलों में न केवल मरम्मत का काम होगा बल्कि नए कमरों के निर्माण, शौचालय, सीढ़ियों एवं अन्य कार्य भी किए जाएंगे। दोनों स्कूलों को परिवहन एवं बिजली मंत्री अनिल विज ने 50-50 लाख रुपए अपने स्वैच्छिक कोष से शिक्षा विभाग को जारी करने का ऐलान किया है। विज ने बताया कि दोनों स्कूलों में छात्रों की बढ़ती संख्या की वजह से कमरों की कमी थी। अन्य मरम्मत कार्य भी होने वाले थे। इस कारण दोनों स्कूलों में निर्माण एवं मरम्मत कार्य के लिए 50-50 लाख रुपए जारी होंगे। स्कूलों में कक्षाओं के लिए कमरों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य होने से विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि विद्यार्थियों की दृष्टि से दोनों सरकारी स्कूल काफी महत्वपूर्ण हैं। आबादी के बीचों-बीच है दोनों स्कूलों में आसपास कॉलोनियों से सैकड़ों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या की वजह से दोनों स्कूलों में सुविधाओं में इजाफा करने के लिए शिक्षा विभाग को एक करोड़ रुपए की राशि स्वैच्छिक कोष से दी है।




**अंबाला।** रामबाग रोड स्थित सरकारी स्कूल का बाहरी दृश्य। *फोटोः हरिभूमि*

#### बीसी बाजार स्कूल में बनेंगे आठ नए कमरे

बीसी बाजार राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मंत्री अनिल विज द्वारा जारी की गई राशि से डबल स्टोरी आठ कमरों का नया सैट बनेगा। इनमें तीन पुराने कमरों को ढहाकर नए सिरे से नया बनाया जाएगा जबकि पांच नए कमरों का निर्माण होगा। यानि कुल आठ नए कमरे स्कूल में बनेंगे। इसी प्रकार से स्कूल में नई सीढ़ियां बनेगी, नाली की मरम्मत एवं अन्य कार्य होंगे।

## नस्लें बचाने के लिए प्राकृतिक खेती जरुरी

- **सॉयल केयर सोसायटी की ओर से सौंटी में प्राकृतिक कृषि के लाभों को लेकर आयोजित किया गया कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गांव सौंटी के ग्रामीणों व सॉयल केयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में प्राकृतिक कृषि के लाभ पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैथल के गांव करोड़ा के प्रगतिशील किसान मनोज ने प्राकृतिक कृषि पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों ने फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए विभिन्न रसायनों का छिड़काव कर रहे हैं। इसके कारण से जमीन की मौलिकता नष्ट हो रही है। दिन प्रतिदिन अनेकों बीमारियां हमारे शरीर को घेर रही हैं इसलिए अब लोगों का रूझान प्राकृतिक खेती की ओर बढता जा रहा है। सॉयल केयर सोसायटी की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गांव सौंटी में भी प्राकृतिक खेती को आरम्भ करने बारे विचार प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम के मुख्य अथिति प्रोफेसर नरेंद्र कौशिक रहे। प्रोफेसर कौशिक ने आह्वान किया कि हमें जैविक खेती को शुरू करने के लिए पहले हमें अपना मन बनाना होगा और जल्दबाजी की बजाय हमें संयम रखना होगा। इस कृषि से आरंभ में लाभ कम हो सकता है लेकिन समय के साथ-साथ कामयाब होगें। हम जैविक खेती के माध्यम से एक एकड भूमि में भी अनेक फसलों का उत्पादन लेकर लाखों रुपए कमा सकते हैं। जिससे हमारी आने वाली फसलों व नस्लों दोनों में सुधार होगा।




**अंबाला।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद सोसायटी पदाधिकारी व ग्रामीण।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सोसायटी के महासचिव डॉ. अजय अरोड़ा, उपाध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. जसमेर, डॉ. विजेंद्र एवं जसबीर नौंच उपस्थित रहे व अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही गांव के मौजूदा सरपंच प्रतिनिधि अजैब सिंह, हरनाम सिंह, हैप्पी सरपंच सौंटा, पूर्व सरपंच रामकुमार, साहब सिंह, सुखबीर सिंह, शेर सिंह, सुखबीर सिंह प्रधान वेलफेयर सोसायटी सौंटी, उपप्रधान बिंटू सैनी, असिस्टेंट प्रोफेसर जसबीर सिंह, गुरबक्श सिंह, सलिंद्र कालश, मैनेजर गुरविंदर कालश और जोनी गुर्जर मौजूद रहे।

## डीएवी स्कूल में यज्ञशाला का उद्घाटन

- **जस्टिस प्रीतमपाल बोले यज्ञ के वैज्ञानिक व अध्यात्मिक महत्व**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

डीएवी स्कूल में शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय परिसर में नव निर्मित यज्ञशाला का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पूर्व लोकायुक्त एवं डीएवी मैनेजिंग कमेटी के उपप्रधान जस्टिस प्रीतम पाल मुख्य अतिथि रहे। उनके साथ एआरओ डॉ. विकास कोहली एवं विद्यालय प्रबंधक डॉ. आरआर सूरी भी उपस्थित रहे। इस उद्घाटन समारोह में जस्टिस प्रीतम पाल ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मधु बहल (प्रिंसिपल, केबी डीएवी चंडीगढ़) और सरदार गुरमीत चोपड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों के प्रिंसिपल वी. काशीव (यमुनानगर), जयदेव शर्मा (मेजर आरएन कपूर डीएवी, अंबाला कैंट), जीवन शर्मा (डीएवी स्कूल, शाहाबाद), अजय शर्मा (डीएवी, साढौरा), सुरेंद्र शर्मा (डीएवी कॉलेज, पिहोवा) एवं रेखा भी इस अवसर पर मौजूद रहे।



**बराड़ा।** स्कूल में यज्ञशाला में उद्घाटन करते हुए मुख्यातिथि। *फोटोः हरिभूमि*

**बजट** | ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री ने सीएम नायब सैनी का आभार जताया

# 538 करोड़ से तैयार हो रहे शहीद स्मारक का होगा लोकार्पणः विज

**छावनी में नेशनल हाइवे किनारे पर चल रहा निर्माण, 33 एकड़ में किया जा रहा निर्माण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सीएम नायब सैनी की ओर से बतौर वित्त मंत्री पेश किए गए बजट में अंबाला में 538 करोड़ की लागत से तैयार हो रहे शहीद स्मारक का 2025-26 में लोकार्पण का ऐलान किया है। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने इसके लिए सीएम नायब सैनी का आभार जताया है। उन्होंने बजट को भविष्यमुखी ( फ्यूचरिस्टिक) बताया। कहा कि इस बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। इसको तैयार करने से पहले मुख्यमंत्री के पास करीब 11 हजार सुझाव आए थे। उनका अध्ययन करने के बाद ये बजट तैयार किया गया है। विज ने कहा कि प्रदेश के हर कोने में हर वर्ग तक विकास पहुंचाने के लिए हर क्षेत्र में प्रावधान किए गए हैं। मैंने कई बजट देखे हैं, मुझे लगता है कि ये सबसे अच्छा बजट है। उल्लेखनीय है कि आज मुख्यमंत्री ने कुल 2,05,017.29 रुपये का बजट प्रस्तुत किया है, जोकि पिछले बजट अनुमानों से 13.70 प्रतिशत अधिक है। विज ने कहा कि ''मैं समझता हूं कि हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर क्लास, प्रदेश के चप्पे-चप्पे तक विकास पहुंचाने के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं। ऊर्जा विभाग के बजट के संबंध में अनिल विज ने कहा कि ''ऊर्जा विभाग का जो बजट होता है, हमारी अपनी भी रेवेन्यू बहुत ज्यादा होती है ऐसा कोई बजट घटाया नहीं गया है। जो जो हमने प्रावधान किए थे, वह सभी इसमें रखे गए हैं''। गौरतलब है कि ऊर्जा क्षेत्र में बजट में बताया गया है कि बिजली उपक्रमों का संप्रक्षेण एवं व्यावसायिक घाटा वर्ष 2014-15 के 30 % से घटकर अब 10.4 % हुआ। साल 2023-24 की राष्ट्रीय रैंकिंग में पूरे देश में यूएचबीवीएन और डीएचबीवीएन. क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय पायदान पर रहा है।

#### उत्कृष्टता केंद्र स्थापित होंगे

पेश किए बजट में अंबाला में लीची, स्ट्राबेरी व खजूर फलों के उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की बात कही गई है। यह पहला मौका है जब सरकार की ओर से किसानों को लीची, स्ट्राबेरी व खजूर की खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का ऐलान किया है। इससे पहले इन फलों के कई केंद्र दूसरे जिलों में चल रहे हैं। मगर यह पहला मौका है जब सरकार की ओर से अंबाला में यह केंद्र स्थापित किया जा रहा है।

## महिलाओं और बेटियों के आर्थिक तौर पर मजबूत होने से प्रदेश भी होगा विकसित

- **इकनोमिस्ट प्रो.शुब्दा ठाकुर बोलीत-राज्य सरकार ने बजट में महिलाओं को मजबूत करने करने का किया काम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

भाजपा सरकार की ओर से अपने तीसरे कार्यकाल के पेश किए पहले बजट से प्रदेश आर्थिकतौर पर मजबूत होगा। खासकर सरकार जिस तरह महिलाओं के विकास को प्राथमिकता दे रही है उससे साफ लग रहा है कि आने वाले समय में महिलाएं ही प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाली हैं। अंबाला शहर के देव समाज कॉलेज में इकनोमिक्स की प्रोफेसर शुब्दा ठाकुर ने कहा कि जिस प्रदेश की महिलाएं व बेटियां आर्थिक तौर पर मजबूत होंगी निसंदेह वह राज्य विकास के मामले में आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि एक परिवार को आर्थिक तौर पर मजबूत करने की जिम्मेदारी घर की महिला पर होती है। अगर महिला अपने परिवार को आर्थिक तौर पर विकसित करेगी तो असर प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ना लाजिमी है। उन्होंने कहा कि बजट में सरकार ने महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये देने की घोषणा की है। इससे वे परिवार संपन्नता की ओर बढ़ेंगे जिनकी आर्थिक हालत कमजोर है। प्रोफेसर ठाकुर ने कहा कि जिस तरह अंबाला में स्थापित होने वाली आईएमटी के लिए बजट में प्रावधान रखा गया है।